**F.NO.CSU-LKO/2026-2027/Dir/01/**

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**

**लखनऊ परिसर, लखनऊ**

**सूचना-** 61 दिनांक 25.08.2026

**विषयः दिनांक 27 अगस्त, 2026 को आयोजित होने वाले "विकसित भारत @2047" के अन्तर्गत विकसित भारत यूथ कनेक्ट (स्पोर्ट्स एडिशन) कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में।**

बड़े हर्ष के साथ परिसर के समस्त **छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों** को सूचित किया जाता है कि **"विकसित भारत @2047"** की संकल्पना से जुड़ी राष्ट्रीय पहल के अन्तर्गत **विकसित भारत यूथ कनेक्ट (स्पोर्ट्स एडिशन)** कार्यक्रम का आयोजन **दिनांक 27 अगस्त, 2026 को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक** किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम हेतु **केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर** को भी चयनित किया गया है।

उक्त कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण एक **विशेष संवादात्मक वर्चुअल सत्र** होगा, जिसमें **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी** देश के युवाओं को सम्बोधित करेंगे तथा उनके साथ संवाद करेंगे।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को **"विकसित भारत @2047"** के राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ना, उनमें राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता की भावना विकसित करना तथा युवा शक्ति के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण हेतु सकारात्मक विचारों, नवाचार एंवं संकल्प को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम की गरिमा एवं सफलता को ध्यान में रखते हुए परिसर के **समस्त छात्र-छात्राओं की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता** अपेक्षित है। अतः सभी छात्र-छात्राएं **दिनांक 27 अगस्त, 2026 को प्रातः 10:00 बजे** निम्नलिखित **बैठने की व्यवस्था के अनुसार निर्धारित कक्ष में समय से उपस्थित होकर** कार्यक्रम में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करें।

**बैठने एवं अनुशासन व्यवस्था**

**1. कक्ष संख्या–32** में आचार्य प्रथम एवं द्वितीय वर्ष, शास्त्री तृतीय वर्ष, बी.ए. (ऑनर्स) संस्कृत एवं सिविल सर्विसेज द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा प्राक्-शास्त्री द्वितीय वर्ष।

**अनुशासन व्यवस्था हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने वाले प्राध्यापकः-**

प्रो. देवी प्रसाद द्विवेदी, डॉ. अनिरुद्ध नारायण शुक्ल, डॉ. रुद्रनारायण नरसिंह मिश्र, डॉ. हीरा पाण्डेय एवं डॉ. कृति रस्तोगी।

**2. कक्ष संख्या–45** में शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष।

**अनुशासन व्यवस्था हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने वाले प्राध्यापक:**

डॉ. कालिका प्रसाद शुक्ल, डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय एवं डॉ. लक्ष्मणेन्द्र।

**3. कक्ष संख्या–44** में शास्त्री द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा प्राक्-शास्त्री प्रथम वर्ष।

**अनुशासन व्यवस्था हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने वाले प्राध्यापक:**

डॉ. चन्द्रश्री पाण्डेय, डॉ. संजय कुमार मिश्र एवं डॉ. शेषमणि शुक्ल।

**4. कक्ष संख्या–28** में बी.ए. (ऑनर्स) संस्कृत एवं सिविल सर्विसेज प्रथम वर्ष।

**अनुशासन व्यवस्था हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने वाले प्राध्यापक:**

डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी, डॉ. शिवानन्द मिश्र एवं डॉ. सृष्टि तिवारी।

अतः परिसर के समस्त सम्बन्धित छात्र-छात्राएँ उपर्युक्त व्यवस्था के अनुसार **निर्धारित कक्ष में प्रातः 10:00 बजे से पूर्व अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए** कार्यक्रम में अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता करें तथा इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बनाने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

(प्रो. सर्वनारायण झा)

निदेशक

प्रतिलिपि-

1. सभी छात्र-छात्राओं को सूचनार्थ।
2. एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी।
3. निदेशक कार्यालय।
4. एनएसएस संचिका।
5. आईक्यूएसी समन्वयक।
6. वेवसाइड पर अपलोड हेतु।

निदेशक